हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 251 देहरादून, शुक्रवार, 31 मार्च, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने किया जन औषधि केंद्र का निरीक्षण 3

# गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने किया वैदिक एवं आधुनिक शिक्षा का संगम : अमित शाह






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार , 31 मार्च , मार्च केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरूकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय हरिद्वार के 113 वें दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर 99 विद्यार्थियों को स्नातक, 100 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर, 56 विद्यार्थियो को पी.एच.डी की उपाधि प्रदान की। 83 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया । केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त कर शिक्षार्थी नये जीवन की शुरूवात करने जा रहे है। गुरूकुल कांगड़ी संस्थान की नींव स्वामी श्रद्धानन्द जी ने रखी, महर्षि दयानन्द के सिद्धान्तों पर यहां शिक्षा का अविरल प्रवाह चलता है। आज यह विश्वविद्यालय महान वटवृक्ष बनकर समग्र देश और दुनिया को महर्षि दयानन्द का संदेश और हमारी पौराणिक शिक्षा पद्धति को आगे बढ़ा रहा है। यहां की शिक्षा पद्धति का महत्व देखकर ही महात्मा गांधी, राजेन्द्र प्रसाद, सर्वपल्ली राधाकृष्णन, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मोरारजी देसाई जैसे अनेक महानुभावों ने इस पूण्य भूमि की शिक्षा व्यवस्था को बल देने का कार्य किया। आज जो बैच शिक्षा पूर्ण कर जा रहा है, यह बैच आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष एवं स्वामी दयानन्द सरस्वती के 200वें जन्म वर्ष का बैच है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज 1800 विद्यार्थी शिक्षा की दीक्षा प्राप्त कर नये जीवन में प्रवेश करेंगे। यहां से शिक्षा ग्रहण करने के बाद राष्ट्र के लिए योगदान की शुरूवात करने वाले हैं। यह भूमि वह भूमि है जहां से वैदिक शिक्षा को बढ़ावा मिला। स्वामी दयानन्द जी का संदेश स्वामी श्रद्धानन्द जी ने हुबहू जमीन पर उतारने का कार्य किया। उन्होंने शिक्षा को अंग्रेजी की चंगुल से बाहर निकालने के लिए हमारी परम्परागत शिक्षा पद्धति को नई ऊर्जा देने के लिए वैदिक मूल्यों, प्राचीन भारतीय संस्कृति, वेदों और उपनिषदों का ज्ञान, ब्रहमाण्ड का विज्ञान एवं आधुनिक विषयों को जोड़कर शिक्षा को परिपूर्ण बनाने का कार्य किया। विश्वविद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता के साथ 800 से अधिक शोधपत्र रजिस्टर किये गये हैं, यह सराहनीय कदम है। वैदिक एवं आधुनिक शिक्षा के संगम का कार्य गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने किया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा कि महर्षि दयानन्द जी के संदेश को अपने मन से लगा कर रखें। उनके बताये गये रास्ते पर चलने का प्रयास करें।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में नई शिक्षा नीति लाये हैं, इसमें दयानन्द जी की शिक्षा की दृष्टि है, श्रद्धानन्द जी का वेद और विज्ञान की शिक्षा के समन्वय का संदेश है, महात्मा गांधी का मातृभाषा में शिक्षा का संदेश, यह शिक्षा नीति चरितार्थ करती है, लाला लाजपराय जी का शिक्षा सभी के लिए का संदेश भी यह शिक्षा नीति जमीन पर उतार रही है। नई शिक्षा नीति में प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में होगी। त्रिभाषा का सूत्र भी दिया है और आने वाले दिनों में मातृभाषा से पढ़े हुए छात्र समग्र देश एवं विश्व का कल्याण करे, इस प्रकार का रास्ता प्रशस्त किया गया है। नई शिक्षा नीति को स्ट्रीमलेस और क्लासलेस बनाया गया है। मल्टिपल एन्ट्री, मल्टिपल एक्जिट शिक्षा नीति का विशेष अंग है। एक साल की पढ़ाई में सर्टिफिकेट, दो साल की पढ़ाई में डिप्लोमा, तीन साल की पढ़ाई में डिग्री मिलेगी और चार साल की पढ़ाई करेंगे तो रिसर्च मिल जायेगा। हर स्तर पर विद्यार्थी एंट्री भी कर सकता है और एक्जिट भी कर सकता है। यह व्यवस्था इसलिए की गई है कि प्रधानमंत्री जी चाहते हैं कि युवाओं को एक ऐसा प्लेटफार्म मिल जाए, जिस पर हमारे युवा खड़े होकर विश्व के युवाओं के साथ स्पर्धा कर सके और मां भारती का यशोगान पूरे विश्व के अन्दर हो।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि स्टार्ट अप इंडिया के माध्यम से देश में युवाओं को अनेक मौके सृजित किये गये हैं। 2016 में देश में 724 स्टार्ट अप थे। 2022 में यह संख्या बढ़कर 70 हजार से अधिक हो गई है। 10 हजार से अधिक स्टार्टअप कोरोना काल में बने। 44 प्रतिशत स्टार्ट अप महिलाओं के द्वारा चलाये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत और भारतीयता दोनों के गौरव को विश्वभर में बुलंद करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गृहमंत्री अमित शाह का देवभूमि की समस्त देवतुल्य जनता की ओर से स्वागत करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए बड़े गर्व का विषय है कि हमारे बीच गृहमंत्री जी के रूप में देश के एक ऐसे नेता उपस्थित हैं, जिनके अथक प्रयासों से और प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में आज सम्पूर्ण भारत आंतरिक रूप से जहां एक ओर अपने आपको सुरक्षित अनुभव करता है, वहीं दूसरी ओर अपने आपको पहले से अधिक संगठित एवं आत्मविश्वास से भरा हुआ अनुभव करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और गृहमंत्री श्री अमित शाह जी ने कश्मीर से धारा-370 खत्म करने में सफलता भी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय को दीक्षांत समारोह की बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में ज्ञान की अविरल गंगा को प्रवाहित करने वाले इस संस्थान में उपस्थित होकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। महान शिक्षाविद् स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती जी ने जो यह अद्भुत धरोहर मां भारती को सौंपी थी, उसका हिस्सा बनना और आप सभी साथियों से जुड़ना, मेरे लिए प्रेरक भी है और आनंददायक भी है। स्वामी श्रद्धानन्द जी ऐसे संन्यासी थे, जिन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती जी की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार किया। वह भारत के उन महान राष्ट्रभक्त सन्यासियों में अग्रणी थे, जिन्होंने अपना जीवन स्वाधीनता, स्वराज्य, शिक्षा तथा वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित किया था। इस अवसर पर कुरूकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सत्यपाल सिंह, कुलपति प्रो. सोमदेव शंतांशु, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, तीरथ सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, डॉ. कल्पना सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, संतगण एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## बाल कलाकार अनुराग रमोला ने की राज्यपाल से मुलाकात

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में बाल कलाकार अनुराग रमोला ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें गौरैया की पेंटिंग भेंट की। यह पेंटिग उन्होंने गौरैया के संरक्षण के उद्देश्य से बनाई गई है।

अनुराग रमोला केंद्रीय विद्यालय ओएनजीसी में 12वीं कक्षा के छात्र हैं और चित्रकला के क्षेत्र में देश-विदेशों में अनेक पुरस्कार प्राप्त किये हैं। अनुराग, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2021 में भी पुरस्कार विजेता रहे हैं। अनुराग ने जी-20 पर आधारित है एक अन्य पेंटिंग बनाई है जिसे वह प्रधानमंत्री जी को भेंट करना चाहते हैं। इस पेंटिंग में उन्होंने भारत की जी-20 की अध्यक्षता के वैश्विक विकास के उद्देश्यों से विश्व को परिचित कराया है।

राज्यपाल ने बाल कलाकार द्वारा बनाई गयी पेंटिंग को देखकर सराहना करते हुए कहा कि वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं और अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने बेहद सुंदर कला का प्रदर्शन किया है।

उन्होंने पेंटिंग निहारते हुए कहा कि जीवन में कला की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। चित्रकला मानव जीवन की महत्वपूर्ण विधा है जो अद्वितीय प्रतिभा से अपनी कल्पनाओं के ब्रश और रंगों से मूर्त रूप देकर ऐसी कला का सृजन करते हैं, जिसे देखकर मन स्वतः ही आत्मविभोर हो जाता है। उन्होंने बाल कलाकार की उपलब्धियों को सराहना की। इस अवसर पर उनके पिता चौत सिंह रमोला भी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से सम्पन्न हुआ कालिका मंदिर में 70 वां वार्षिक ध्वजारोहण महोत्सव

देहरादून। कालिका मंदिर में 70 वां वार्षिक ध्वजारोहण महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ। जय माता दी के जयकारों से मन्दिर गूंज उठा। शाम ठीक 6 बजकर 5 मिनट पर कुरुक्षेत्र से पधारे गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, टपकेश्वर के श्रीमहंत किशन गिरी महाराज व अनेक संत-श्रद्धालुओं की मौजूदगी में मां कालिका की अष्टधातु स्थायी कीर्ति स्तंभ पर ध्वजारोहण किया गया। भवन कालिका माता समिति द्वारा 22 मार्च से बालयोगी सर्वदास जी महाराज की प्रेरणा से चल रहे वार्षिक ध्वजारोहण समारोह इसी के साथ सम्पन्न हो गया। मंदिर में भक्त समाज द्वारा जय माता दी के गगनभेदी जयकारों के साथ भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। माता की भव्य आरती हुई। ध्वजारोहण के बाद सभी भक्तों ने एक दूसरे को बधाई दी। मां की आरती के बाद देर शाम गोपाल भारद्वाज व मंडली ने माता की चौकी में मां का गुणगान किया। इससे पहले मंदिर में रात्रि के जागरण के पश्चात सुबह के समय महंत किशन गिरी महाराज के नेतृत्व में ध्वजावतरण कार्यक्रम हुआ। मां जगदंबा की आरती व प्रसाद वितरण हुआ। सिंदुरिया हनुमान मंदिर में ऊपरी तल पर ध्वजारोहण हुआ। गुप्त बाबा की दुकान का भी स्थापना दिवस मनाया गया। रामचरितमानस के नवाहन पाठ की समाप्ति हुई। इसके बाद मां कालिका मंदिर में अष्टधातु कीर्ति स्तंभ का अभिषेक मंदिर के पुजारियों द्वारा शुरू हुआ। दोपहर में राम जन्मोत्सव सिंदुरिया हनुमान मंदिर में मनाया गया। वहां 100 किलो लड्डू का भोग लगाया गया।

# 'जात्रा' से उत्तराखंडी विरासत और संस्कृति को सहेजने की कोशिश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 31 मार्च : उत्तराखंड अपनी लोक कला की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश है जहाँ इसकी विरासत और संस्कृति बाद्य यन्त्रों नगाड़ा, ढोल, दमुआ, रणसिंग, भेरी और हुड़का, बीन और यहाँ के लोक गीतों न्योली, जोड़, झोड़ा, छपेली, बैर व फाग में अपनी छाप छोड़ती है, उत्तराखंड की मिट्टी में ये संस्कृति रची-बसी हुई है जिसको पीढ़ी दर पीढ़ी संजो कर रखने की ज़िम्मेदारी हर प्रदेशवासी की है. इसी महान विरासत और संस्कृति को रिमिक्स, पॉप, हिप-हॉप के इस दौर में बचाने, जागरूक करने, प्रोत्साहित करने के लिए ग्राफ़िक ऐरा हिल्स विश्वविद्यालय मे जनसंचार विभाग की तरफ़ से एक सेमीनार का आयोजन किया गया जिसको उत्तराखंडी लोक शब्द 'जात्रा' नाम दिया गया कार्यक्रम में कई जाने-माने लोक कला से जुड़े लोगों ने भाग लिया और अपने विचार रखे.

कार्यक्रम के पहले चरण में सामाजिक कार्यकर्त्ता अनूप नौटियाल ने नै पीढ़ी के लिए इस भूलती विरासत पर अपने विचार रखे और भू कानून पर बात की आये हुए एक लोक वक्ता ने कहा कि उत्तराखंड के साथ वो इन्साफ नहीं हो पाया है जो होना चाहिए था, हम पहाड़ से मैदानी क्षेत्रों में आकर संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं. खंडवार से






अनवार तक कांसेप्ट के माध्यम से पहाड़ में ऐसे सुन्दर घरों का निर्माण किया जाए जिसमे लोक संस्कृति की झलक दिखती हो उस से रोज़गार के साथ संस्कृति संरक्षित करने में मदद मिलेगी। साथ ही धार्मिक पर्यटन के नाम पर मॉस टूरिज्म को बढ़ावा न दिया जाए, पहाड़ों में कूड़ा फैलाने की नासूर बनती समस्या का भी समाधान करना होगा इसके अलावा किसी भी क्षेत्र में सबको समान मौक़े प्रदान किये जाएँ।कार्यक्रम में प्रख्यात लोक गायिका डॉ. प्रीतम बर्दवान ने जागर गीत सुना कर लोक संस्कृति की खुशबू बिखेरी साथ ही पद्मश्री डॉ. माधुरी बर्थवाल और डॉ. बसंती बिष्ट ने भी लोक गीत गाकर और लोक संस्कृति पर व्याख्यान देकर उत्तराखंड की विरासत को समझने की कोशिश की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मॉस कम्युनिकेशन विभाग की हेड ताहा सिद्दीक़ी ने की और कार्यक्रम में उपस्तिथ अन्य लोगों में रजिस्ट्रार अरविन्द धार, लाटी आर्ट की प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट कंचन जादली, फोक संगीत बैंड पांडवास, संगीतज्ञ उप्रेती सिस्टर, वैज्ञानिक डॉ. गजेंद्र सिंह भी उपस्तिथ रहे।

# हीट अलर्ट के लिए क्या का होता है कलर कोड सिग्नल ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 31 मार्च , देश के ज्यादातर इलाकों में गर्मी की शुरुआत हो चुकी है. कई शहर तो ऐसे भी हैं जहां गर्मी इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि वहां का तापमान 35 से 37 डिग्री तक दर्ज किया जा रहा है. मौसम विभाग के मुताबिक फरवरी के महीने में भारत का औसत अधिकतम मासिक तापमान बढ़कर 29.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. पिछले साल यानी 2022 के दिसंबर महीने में इस भीषण गर्मी से निपटने की तैयारियों को लेकर राज्यसभा में एक लिखित जवाब में केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा था, 'सरकार साल 2023 की गर्मी से निपटने के लिए तैयार है. 2023 तक हर राज्य और जिले में हीट एक्शन प्लान लागू कर दिया जाएगा. 'हालांकि हाल ही में आई सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च की रिपोर्ट ?हाउ इज इंडिया एडाप्टिंग टू हीट वेव्स ?? में बताया गया है कि भारत आने वाले समय में बढ़ रहे तापमान का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं है.दरअसल 'हाउ इज इंडिया एडाप्टिंग टू हीट वेव्स' की इस रिपोर्ट में 18 राज्यों के 37 हीट एक्शन प्लान का विस्तार से समीक्षा किया गया है. इस रिसर्च में पाया गया कि देश असामान्य गर्मी (हीटवेव) से निपटने के लिए भारत के कई राज्य फिलहाल तैयार नहीं है.




**क्या होता है हीट एक्शन प्लान**

भारत को पिछले साल यानी 2022 में झुलसाने वाली गर्मी से जूझना पड़ा था. मौसम विभाग की मानें तो इस साल की गर्मी पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ सकती है. ऐसी ही स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार हीट एक्शन प्लान लागू करने की तैयारी कर रही है. यह प्लान आम तौर पर आर्थिक रूप से हानिकारक और जीवन के लिए खतरनाक गर्म हवाएं या लू के प्रभाव को कम करने के लिए क्या क्या करना चाहिए

**इसका खाका होता है.**

हीट एक्शन प्लान के तहत हर उस समस्या का समाधान ढूंढने की कोशिश की जाती है, जिससे बढ़ते तापमान के कारण लोगों को ज्यादा परेशानी न उठाना पड़े. अहमदाबाद साल 2013 में, हीट एक्शन प्लान बनाने वाला भारत और दक्षिण एशिया का पहला शहर बना था.

हीट एक्शन प्लान में कलर कोड सिग्नल का क्या मतलब है

हीट अलर्ट जारी करने के लिए कलर कोड सिग्नल विकसित किए गए हैं. उसी अनुरूप कार्रवाई की जाती है.

ग्रीन अलर्टः कोई कार्रवाई नहीं. यानी तापमान सामान्य है.

येलो अलर्टः अपडेटेड जानकारी प्रदान करना.

ऑरेंज अलर्टः कार्रवाई के लिए तैयार रहना.

रेड अलर्टः कार्रवाई करना.

भारत में 2000 से 2004 तक 65 साल से ज्यादा आयु के लोगों में सालाना 20,000 लोगों की मौत गर्मी की वजह से हुई, और ये आंकड़े 2017 और 2021 के बीच लगभग 31,000 तक बढ़ गए.



# आदमी के पेट में उगा खीरा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 31 मार्च , गार्डन में लगे पेड़ पौधे कितने खूबसूरत लगते हैं। खुद के द्वारा उगाई हुई सब्जियों की बात करें, तो इन्हें खाने का मजा ही कुछ और होता है। क्योंकि ये अपने हाथों से उगाई हुई होती है। पौधे गार्डन में उगें तो अच्छा लगता है लेकिन जरा सोच कर देखिये अगर कोई सब्जी या फिल गार्डन में उगने की बजाय आपके पेट में उगे तो कैसा होगा? आपको लग रहा होगा ये कोई मजाक है। लेकिन खबर सामने आने के बाद ये कहीं से भी मजाक नहीं लग रहा। जी हां ! वायरल हो रही एक खबर में डॉक्टर्स को एक शख्स ने बताया कि उसके पेट में शायद खीरा उग रहा है।

**पेट के अंदर खीरा उग गया**

जब डॉक्टर्स ने इस मरीज का एक्स रे किया तो उनके भी पैरों तले जमीन खिसक गई। हालांकि, इस मसले के सामने आने के बाद डॉक्टर्स का क्या रिएक्शन था, ये आप खबर पढ़कर समझ जाएंगे। पेट दर्द की शिकायत लेकर पहुंचा अस्पताल कोलंबिया के बारानोआ का निवासी शख्स लंबे वक्त से परेशान था। शख्स ठीक से चल नहीं पा रहा था। 40 साल का ये अज्ञात मरीज पेट दर्द की शिकायत लेकर अस्पताल गया। उसका कहना था कि वो चल नहीं पा रहा था लेकिन उसे इसका कारण समझ में नहीं आ रहा था। इसके बाद जब डॉक्टरों ने उसकी जांच की, तो एक्स रे करने पर पता चला कि उसके पेट में कोई बड़ी चीज फंसी हुई थी।



**कैसे फंसा पेट के अंदर खीरा ?**

इसके बाद इस बड़ी सी चीज को निकालने के लिए डॉक्टरों ने उसे बेहोश किया। उसका ट्रीटमेंट किया गया, जिसके बाद पता चला कि ये बड़ी सी चीज कुछ और नहीं बल्कि खीरा था। सर्जरी के बाद जब शख्स ने जो दावा किया, उसे सुनने के बाद डॉक्टरों के भी होश उड़ गए। मरीज की थ्योरी सुनकर उड़े होश अस्पताल में भर्ती शख्स ने कहा कि उसके डाइजेस्टिव सिस्टम के अंदर खीरा उग गया होगा, क्योंकि बीते दिनों उसने बहुत सारे खीरे खाए थे। डॉक्टरों ने शख्स की अजब-गजब थ्योरी पर बात करना सही नहीं समझा और तुरंत ही उसे घर भेज दिया। अब ये मामला और शख्स का दावा दोनों ही सुर्खियों में बने हुए हैं।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने किया जन औषधि केंद्र का निरीक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया गुरुवार को उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। मांडविया का एयरपोर्ट स्वागत उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने किया। एयरपोर्ट से निकलने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री देहरादून में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का निरीक्षण के लिए पहुंचे।मंत्री के प्रतिनिधि ने बताया कि उत्तराखंड में कुल 223 जन औषधि केंद्र हैं जिनमे से 71 सरकारी स्थानों में हैं बाक़ी 152 प्राइवेट स्थानों में हैं, सरकारी स्थानों में जो जान औषधि केंद्र हैं वो अस्पतालों में स्तिथ हैं. समय समय पर विभाग द्वारा एरिया इंस्पेक्टर्स हैं को निर्देश जिया जाता है जिसके तहत वो रूटीन में भी इंस्पेक्शन करते हैं, सैंपल लेते हैं ताकि दवाइयों की गुणवत्ता की जाँच होती रहे. औषधि केंद्र का निरीक्षण करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री सीमांत चमोली जिले के वाइब्रेंट विलेज योजना में शामिल मलारी गांव पहुंचेंगे। वह रात्रि प्रवास भी मलारी में ही करेंगे। अगले दिन वह देहरादून लौटकर दून मेडिकल कालेज के 500 बेड के अस्पताल और तीन जिलों में स्वीकृत 50-50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लाक की आधारशिला रखेंगे।मलारी में वह ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों के साथ वाइब्रेंट विलेज योजना के मद्देनजर विभिन्न विषयों पर विमर्श करेंगे। शुक्रवार को वह वापस देहरादून पहुंचेंगे और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ विभिन्न विषयों पर विमर्श करेंगे।




## रामनवमी पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

पौड़ी। रामनवमी पर मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। लोगों ने नवमी पर अपने घरों में कन्याओं का पूजन किया। खांडयूसैंण स्थित अछरीखाल में वैष्णो देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। यहां पर आयोजित मंदिर के 25वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने शिरकत की। इस मौके मंदिर समिति के संस्थापक राजेंद्र सिंह रावत, अध्यक्ष बीरेंद्र बिलज्वाण, गौरव रावत, सुरेश भटट, भक्ति शाह, सुभाष रावत, दीपक रावत आदि शामिल थे। वहीं, कोट ब्लाक के सिद्धपीठ भुवनेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्र के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की गई। चित्रकला प्रतियोगिता में साक्षी रावत ने बाजी मारी। जबकि भजन- कीर्तन में जय गढं कंडोलिया ने विजेता का खिताब जीता। सिद्धपीठ मुवनेश्वरी प्रबंधन समिति की ओर से चैत्र नवरात्र पर ?विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक व प्रतियोगिता आयोजित हुई। आठ दिनों तक आयोजित कार्यक्रमों का परिणाम गुरूवार को रामनवमी पर घोषित किया। कार्यक्रम संचालक नवीन ममगाईं ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में आदित्य प्रथम, साक्षी द्वितीय व ?प्रियांश बछेती तृतीय स्थान पर रही।

चित्रकला में साक्षी रावत ने बाजी मारी। जबकि पायल मेहर दूसरे और श्रेयांश तीसरे स्थान पर रहे। वहीं भजन कीर्तन में गढं कंडोलिया की टीम विजयी रही।

# आयोग ने बिजली की दरों में किये परिवर्तन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 31 मार्च : उत्तराखंड में अब बिजली महंगी हो गई है। विद्युत नियामक आयोग ने बिजली दरों में 9.64% की बढ़ोतरी की है। गुरुवार को नियामक आयोग के अध्यक्ष डीपी गैरोला और सदस्य तकनीकी एमके जैन ने नया टैरिफ जारी किया। नई बिजली की दरें एक अप्रैल से लागू होंगी।बता दें कि इस साल नए वित्तीय वर्ष के लिए यूपीसीएल ने 16.96 प्रतिशत, यूजेवीएनएल ने करीब दो और पिटकुल ने नौ प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था। इस पर जनसुनवाई के बाद आयोग ने करीब 12 प्रतिशत बढ़ोतरी का निर्णय लिया था। लेकिन आयोग ने बिजली दरों में 9.64% की ही बढ़ोतरी की है।

**इन बिंदुओं पर लिए गए निर्णय**

बिजली दरों में 9.64% की बढ़ोतरी की गई है। प्रदेश के चार लाख घरेलू उपभोक्ताओं के लिए भी 10 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है।

आयोग ने फिक्स चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया है। करीब 7000 मत्स्य पालक अब कॉमर्शियल के बजाय कृषि उपभोक्ता के तौर पर बिजली का लाभ ले सकेंगे। 10 दिन में बिल का डिजिटल भुगतान करने पर उपभोक्ता को 1.50% और अन्य माध्यम से 1 प्रतिशत की छूट मिलेगी। किसान अगर ट्यूबवेल का बिल एक माह में जमा कराएगा तो उसे 5% की छूट दी जाएगी।किस श्रेणी में कितनी महंगी होगी बिजलीघरेलू - 6.98%अघरेलु - 11.41%गवर्नमेंट पब्लिक यूटिलिटी - 14.16%प्राइवेट ट्यूबवेल - 7.61%एलटी इंडस्ट्री - 11.21%एचटी इंडस्ट्री - 11.05%मिक्स लोड - 15.54%रेलवे - 22.12%ईवी चार्जिंग स्टेशन - 13.64%







## संक्षिप्त खबरें

### 20 सूत्री कार्यक्रम में पौड़ी जिले ने पाया पहला स्थान

पौड़ी। 20 सूत्री कार्यक्रम में बेहतर काम करने पर जिले ने प्रदेश में पहली रैंक हासिल की है। पौड़ी जिले ने 94 फीसदी अंकों के साथ प्रदेश में पहला रैंक प्राप्त किया। डीएम पौड़ी डा.आशीष चौहान ने कुशल मार्गदर्शन पर पौड़ी जिले ने अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 के बीच प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। पौड़ी जिले को इस दौरान 20 सूत्री कार्यक्रम में कुल 105 में से 94 अंक हासिल हुए है। दूसरे स्थान पर रहे उधमसिंह जिले को 105 अंकों में से 93 अंक, तीसरे स्थान पर रहे चमोली जिले को 91, उत्तरकाशी को 90, अल्मोड़ा को 87 अंक मिले हैं।

### मोरी के चार गांव में विद्युत आपूर्ति ठप

उत्तरकाशी। प्रखंड के गोविद वन्य जीव विहार व राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र के चार गांव ओसला, पंवाडी, गंगाड व ढाटमीर में एक सप्ताह से विद्युतआपूर्ति ठप पड़ी है। इन गांवों में एक सप्ताह से लाईट न होने से ग्रामीणों सहित हरकीदून जाने वाले पर्यटकों को रातें अंधेरे में गुजारनी पड़ रही है। गत दिवस ग्रामीणों ने बहुद्देशीय शिविर मोरी में पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल से शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीणों ने जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने कि मांग की। विभाग के अधिकारी विजयपाल ने बताया कि चारों गांव में अभी तक कनेक्शन न होने के कारण विद्युत सप्लाई बंद है। पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने विद्युत कनेक्शन के लिए विभाग को चारों गांव में पांच दिवसीय शिविर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही तत्काल चारों गांवों में विद्युत सप्लाई चालू करने के निर्देश दिए। हालांकि अभी तक गांवों में अंधेरा पसरा है। इसके चलते ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### लेखिका भारती आनंद को सम्मान मिलने पर जताई खुशी

उत्तरकाशी। उत्कृष्ट कार्य करने के लिए भारती आनंद 'अनंता' को हिमालयी नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया है। नौगांव ब्लॉक के मुंगरा गांव की भारती आनंद को यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम देहरादून में उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र द्वारा दिया गया। रवांई क्षेत्र की पहली रेडियो उद्घोषिका, कवियत्री भारती को यह सम्मान मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। विपरीत परिस्थितियों में पली बढ़ी उत्तरकाशी जिले के नौगांव विकासखंड के मुंगरा गांव निवासी भारती के संघर्ष की कहानी बढ़ी मार्मिक है। शुरूआत से ही परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते निभाते उसका सफर थोड़ा लंबा हो गया, मगर वह उस मुकाम तक पहुंचने के लिए जी तोड़ मेहनत करती रहीं। भारती ने अपने नए नए प्रयोगों से समाज में अलग पहचान बनाई। उन्होंने एक शिक्षिका के तौर पर काम किया तो न्यू मीडिया के लिए भी अलग पहचान बनाई है। फलस्वरूप इसके वे दूरदर्शन की चिरपरिचित एंकर के रूप में जानी जाती हैं। वे प्रसार भारती के आकाशवाणी केंद्र देहरादून में उद्घोषिकाओ में शुमार हैं। भारती वर्तमान में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा से हिन्दी साहित्य की शोधार्थी हैं। इससे पूर्व 16 वर्षो तक शिक्षिका के रूप में कार्य किया। उत्तरकाशी का प्रतिष्ठित रंवाई लोक महोत्सव नौगांव, उत्तरकाशी में रंवाल्टी कविगोष्ठी में प्रतिभाग एवं सम्मानित।

### कन्या पूजन के साथ चैत्र नवरात्र संपंन्न

उत्तरकाशी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन और कन्या पूजन के साथ गुरूवार को वासंतिक नवरात्रा संपन्न हो गए। अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने घरों में हवन किया और कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर लोक कल्याण की कामना की। नौ दिनों तक व्रत रहने वाले श्रद्धालुओं ने ब्रत का पारण किया। वहीं इस दौरान दुर्गा मंदिरों एवं पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ लगी रही। देवी के नौ दिवसीय पर्व नवरात्र की जिले में धूम रही। अंतिम दिन गुरूवार को जिला मुख्यलय स्थित कुटेटी देवी मंदिर सहित, मां चंदोमति माता, रेणुका देवी व मां राज राजेश्वरी के मंदिरो में सुबह से ही भक्त दर्शनों को पहुंचे।

# रोजाना मखाना खाने से मिलेंगे ये 5 जबरदस्त फायदे

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 31 मार्च , मखाना का उपयोग आमतौर पर इंडियन स्नैक्स और मिठाई जैसे कि खीर, रायता या मखाना करी बनाने के लिए किया जाता है. इन्हें आमतौर पर ईवनिंग स्नैक्स के रूप में भी खाया जाता है. देश के कई हिस्सों में रहने वाले लोग मखाना का उपयोग नवरात्रि और अन्य शुभ आयोजनों के दौरान प्रसाद के रूप में करते हैं. आमतौर पर उपवास के दौरान भी मखाने लोकप्रिय हैं. स्नैक फूड के रूप में सदियों से उपयोग किए जाने वाले फॉक्स नट्स के असंख्य लाभ हैं. स्वादिष्ट बनाने के लिए उन्हें मसालों के छिड़काव के साथ भुना जा सकता है. यहां मखाना खाने के कुछ फायदों पर एक नजर डालें.

**महिलाओं के लिए मखाना के फायदे**

मखाने की तासीर ठंडी होती है, इसलिए ये शरीर के अग्नि और वायु तत्वों को संतुलित करने में मदद करते हैं. महिलाओं के लिए मखाना के लाभों में गैस्ट्राइटिस जैसी अम्लीय स्थितियों को बेअसर करना और नाक से खून बहना और पीरियड्स जैसी समस्याओं से ब्लीडिंग को कम करना शामिल है.

**1 त्वचा के लिए मखाना के फायदे**

मखाना एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है जो आपकी त्वचा से फ्री रेडिकल्स को खत्म करता है, जिससे आप जवां दिखते हैं. अगर आप रोजाना मखाना खाते हैं तो आपको







त्वचा के लिए फायदे नजर आएंगे. हालांकि, आप मखाना को फ्राई न करें.

**2 बालों के लिए मखाना के फायदे**

बालों के लिए मखाने के फायदों में उन्हें हाइड्रेट करना भी शामिल है. मखाना एक बेहतरीन कंडीशनर है जो आपको चमकदार और बाउंसी बाल पाने में मदद कर सकता है. यहां तक कि यह आपको दोमुंहे बालों से छुटकारा दिलाने में भी मदद कर सकता है. ऐसा इसलिए है क्योंकि मखाने में फ्लेवोनॉयड्स होते हैं जो टिश्यू की मरम्मत करते हैं, को ठीक करते हैं और सूजन को रोकते हैं.

**3 गर्भावस्था में मखाने के फायदे**

गर्भावस्था में मखाने के कुछ फायदे हैं, जैसे ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करना. गर्भावस्था के दौरान, तनाव और हार्मोन शुगर लेवल को बढ़ाने में आसानी से योगदान कर सकते हैं. हालांकि, मखाना विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और फाइबर से भरपूर होता है, यह आपके खून में ग्लूकोज लेवल को कम करके हाई ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है.

**4 हेल्दी हार्ट को बनाए रखता है**

मखाना में गैलिक एसिड, क्लोरोजेनिक एसिड और एपिकेटचिन होता है, जो हमारे शरीर के लिए फायदेमंद होता है. वे हृदय रोग, कुछ कैंसर और डायबिटीज जैसी पुरानी स्थितियों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं. हृदय रोगियों के लिए मखाना बहुत अच्छा है क्योंकि इसमें सोडियम, कोलेस्ट्रॉल और संतृप्त वसा कम होती है.

## भारत में फिर पैर पसार रहा है कोरोना, 24 घंटे में तीन हजार से ज्यादा नए मामले

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 31 मार्च : देश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगता नहीं दिख रहा है। एक दिन में ही कोरोना के ताजा मामले तीन हजार के पार हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देशभर में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 3,016 मामले दर्ज किए गए हैं। बताया जा रहा है, कि पिछले छह महीनों में ये कोरोना के सबसे ज्यादा मामले हैं। बीते साल दो अक्टूबर को कोरोना के 3,375 केस सामने आए थे। 13 हजार से ज्यादा एक्टिव केस मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना से 1,396 लोग ठीक भी हुए हैं। एक्टिव केस बढ़कर अब 13,509 हो गए हैं। बता दें कि 29 मार्च को सक्रिय मामलों की संख्या 11,903 थी।कोरोना से 14 लोगों की मौत रिपोर्ट के अनुसार, कोरोना



से एक दिन में 14 लोगों की जान भी गई है। कोरोना से अब तक कुल 5 लाख 30 हजार 862 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक देश में कोरोना के 4.47 करोड़ से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। इसके अलावा कुल 4 करोड़ 41 लाख 68 हजार 321 लोग ठीक भी हो चुके हैं। इसके साथ ही कोरोना की अब तक 220.65 करोड़ से ज्यादा खुराक भी लग चुकी है।




## एसएसपी संग फोटो खिंचाकर तीतर बने सलमान, हरिद्वार पुलिस ने कतरे पर

**दस हजार के ईनामी को पहुंचाया सलाखों के पीछे**

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार , 31 मार्च , एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह की बेहतर आम शोहरत का कुछ दिन पूर्व भारी भीड़ में उनके साथ फोटो खिंचाकर फायदा उठाते हुए अपने जानने वालों में ₹अधिकारी से मधुर संबंध होने का ढोंग करने वाले₹ सलमान पुत्र जहांगीर निवासी मंगलौर हरिद्वार को आज हरिद्वार पुलिस ने गांव पीरपुरा से दबोच लिया। एनडीपीएस एक्ट में वांटेड एवं दस हजार के ईनामी सलमान उपरोक्त को अग्रिम विधिक कार्रवाई उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।वहीं अपनी




गलती की माफी मांगते हुए सलमान ने कहा ₹अब मैं पूरी जिंदगी ऐसा किसी के साथ नहीं करूंगा।



# बैंकों की कमियों और मनमानियों पर ऐसे लगाता है लगाम आरबीआई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रत्नाकर बैंक लिमिटेड (आरबीएल) पर वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2021-22 के दौरान कर्ज वसूली एजेंट से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने के कारण ₹2.27 करोड़ का जुर्माना लगाया है। इससे पहले, 30 जनवरी 2023 को आरबीआई ने बैंक ऑफ बड़ौदा पर 30 लाख रूपये का जुर्माना लगाया था। हालांकि, यह मात्र एक-दो ऐसी घटनाएं नहीं है जब आरबीआई ने बैंकों पर ग्राहक नियमों के उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया हो। दरअसल, साल 2023 में 20 मार्च 2023 तक आरबीआई ने नियमों की अवहेलना करने पर आरबीएल सहित 43 बैंकों से लगभग ₹5.06 करोड़ रूपये जुर्माने के रूप में वसूल लिये हैं। गौरतलब है कि बैंकों पर अधिकांश पेनल्टी ग्राहकों से सम्बन्धी नियमों की अवहेलना के चलते लगती है। आरबीआई कैसे लगाता है जुर्माना भारतीय रिजर्व बैंक भारत का केंद्रीय बैंक है। यह भारत के सभी बैंकों का संचालक है और भारत की अर्थव्यवस्था को भी नियंत्रित करता है।

इसकी स्थापना एक अप्रैल 1935 को एक निजी बैंक के रूप में हुई थी। आजादी के बाद 1949 में यह भारत का केंद्रीय बैंक बना। वर्तमान में पूरे भारत में आरबीआई के 29 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। बैंकों के ग्राहकों की सेवा पर निगरानी रखने का काम भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास है। वह इस बात को सुनिश्चित करता है कि बैंक ग्राहकों से जुड़े नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। अगर कोई बैंक नियमों की अवहेलना करते पाया जाता है तो संबंधित बैंक के खिलाफ कार्यवाही का अधिकार भी आरबीआई के पास है। दरअसल, आरबीआई को यह अधिकार बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के तहत मिले हैं। यह कानून भारत में सभी बैंकिंग फर्मों को नियंत्रित करता है। इसे बैंकिंग कंपनी अधिनियम के रूप में भी जाना जाता है। इसी कानून के अनुसार नियमों का उल्लंघन होने पर रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों पर भारी जुर्माना लगाया जाता है। अगर बैंक की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तो आरबीआई उसका लाइसेंस भी रद्द कर सकता है। समय-समय पर इस अधिनियम में संशोधन होते रहे हैं। जैसे साल 2020 में बैंकिंग विनियमन (संशोधन) विधेयक 2020 संसद में पेश किया गया था। जिसका उद्देश्य सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली में सुधार करने सहित सहकारी बैंकों की निगरानी के लिए आरबीआई की शक्तियों में वृद्धि करना था। बीते सालों में जुर्माना 2022 में आरबीआई ने नियमों का पालन न करने पर 211 बैंकों पर लगभग ₹40.39 करोड़ का जुर्माना लगाया था। जिसमें विदेशी बैंक जैसे बैंक ऑफ बहरीन व कुवैत बीएससी (भारत) पर ₹2.66 करोड़ का भी आर्थिक दंड शामिल है। आरबीआई ने पिछले साल सबसे बड़े जुर्माने फेडरल बैंक पर ₹5.72 करोड़ और इंडसइंड बैंक पर ₹1 करोड़ लगाये थे। आरबीआई ने 8 जुलाई 2022 को नियमों का पालन न करने के कारण फेडरल बैंक पर ₹5.72 करोड़ का जुर्माना लगाया था। यह आरबीआई द्वारा लगाये गये सभी आर्थिक जुर्मानों में सबसे बड़ा जुर्माना था। आरबीआई ने फेडरल बैंक पर जुर्माना इसलिए लगाया था क्योंकि बैंक यह बताने में विफल रहा था कि बीमा कंपनी द्वारा बीमा ब्रोकिंग/कॉरपोरेट एजेंसी सेवाओं में लगे उसके कर्मचारियों को कोई प्रोत्साहन (नकद या गैर-नकद) दिया गया या नहीं। साल 2021 में भारतीय रिजर्व बैंक ने 141 बैंकों पर लगभग ₹67.2 करोड़ रूपये का जुर्माना लगाया था। जिसमें 6 जुलाई को एकसाथ 14 बैंकों पर ₹14.5 करोड़ की पेनल्टी शामिल है। गौरतलब है कि साल 2021 में आरबीआई ने सबसे बड़ा जुर्माना एचडीएफसी बैंक (HDFC) पर 27 मई को ₹10 करोड़ का लगाया था। आरबीआई को एचडीएफसी के कार/ऑटो लोन पोर्टफोलियो में कई अनियमिताएं मिली थी। यह कार्यवाही एक व्हिसल ब्लोअर की शिकायत पर की गयी थी। जिसके बाद, जांच में पता चला कि बैंक अपने ग्राहकों के साथ बैंकिंग नियमों का उल्लंघन कर धोखाधड़ी कर रहा है। भारत में Retail Inflation आरबीआई के अनुमान से अधिक, CPI 6.52 प्रतिशत रहा

**आरबीआई ने अमेजन पर लगाया जुर्माना**

बैंको के अलावा भारतीय रिजर्व बैंक वित्तीय लेनदेन वाली मोबाइल एप्स पर भी शिकंजा कस रहा है। आरबीआई ने 3 मार्च 2023 को अमेजन पे (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड पर ₹3.06 करोड़ से अधिक का जुर्माना लगाया।

यह जुर्माना प्रीपेड भुगतान उपकरणों (पीपीआई) और अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) से संबंधित कुछ प्रावधानों का पालन न करने पर लगाया गया था। अमेजन पे अमेरिका की ई-कॉमर्स अमेजन कंपनी की डिजिटल भुगतान शाखा है।

# IAS,IPS,IFS ने शेयर बाजार में कितना लगाया है - पैसा मोदी सरकार लेगी हिसाब

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट , 31 मार्च , मोदी सरकार ने आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों के लिए एक नया आदेश जारी किया है। इस आदेश के मुताबिक यदि इन अधिकारियों का कुल निवेश, स्टॉक, शेयर या किसी अन्य इन्वेस्टमेंट में एक कैलेंडर इयर के दौरान 6 महीने की बेसिक सैलरी से ज्यादा हो जाता है तो उन्हें इसकी डिटेल देनी होगी। ये जानकारी एआईएस यानी अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम, 1968 के नियम 16 (4) के तहत उनके द्वारा शेयर की जाने वाली समान जानकारी से अलग है। इस संबंध में कार्मिक मंत्रालय ने निर्देश जारी किए हैं.

**अधिकारियों के शेयर बाजार निवेश पर रहेगी सरकार की नजर**

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक ये नियम ऑल इंडिया सर्विसेज यानी आईएएस, आईपीएस और आईएफएस से जुड़े कर्मचारियों के लिए लागू होंगे। सरकार के इस फैसले से साफ जाहिर होता है कि वे आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों के शेयर बाजार निवेश पर नजर रखना चाहती है। ये आदेश केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों के सचिवों को जारी किया गया है।



**आदेश में क्या कहा गया है?**

आदेश में कहा गया है, ҡऑल इंडिया सर्विसेज (एआईएस) के अधिकारियों के संबंध में किसी भी स्टॉक, शेयर या किसी अन्य निवेश में ट्रांजैक्शन पर अथॉरिटी नजर रख सकेंगी। केंद्र सरकार के सभी सचिवों को जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि स्टॉक, शेयर या किसी अन्य इन्वेस्टमेंट में एक कैलेंडर इयर के दौरान कुल लेनदेन उनके 6 महीने के बेसिक सैलरी से ज्यादा होने पर हर साल निर्धारित अथॉरिटी को संलग्न प्रोफॉर्मा में भेजा जा सकता है।''

इसमें आचरण नियमावली के नियम 14(1) का हवाला दिया गया है, जिसके मुताबिक, ҡसेवा का कोई भी सदस्य किसी स्टॉक, शेयर या अन्य निवेशों में सट्टा नहीं लगाएगा। लेकिन ये प्रावधान स्टॉक-दलालों या अन्य अधिकृत लोगों के माध्यम से किए गए सामयिक निवेश पर लागू नहीं होगा।'' नियम में आगे स्पष्ट किया गया है कि शेयर, सेक्योरिटीज या अन्य किसी निवेशों की बार-बार खरीद-बिक्री को उप-नियम के तहत सट्टा माना जाता है।

# ये सब्ज़ी है चमत्कार से भरपूर इनके सेवन से, डायबिटीज हार्ट और एनिमिया रोगियों को मिलते हैं फ़ायदे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



स्वस्थ रहना चाहते हैं और बीमारियों से शरीर को दूर रखना चाहते हैं तो परवल का सेवन बहुत ही ज्यादा लाभदायक साबित हो सकता है, रोजाना परवल के सेवन से स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं दूर होती जाती हैं। परवल की बात करें तो इसका सेवन सेहत के लिए बहुत ही ज्यादा फायदेमंद होता है, ये कई सारे ऐसे तत्वों से भरपूर होता है, जो स्वास्थ्य से जुड़ी कई गंभीर समस्यायों को दूर करता है। परवल का रोजाना सेवन करते हैं तो ये डायबिटीज, हार्ट से जुड़ी बीमारी और एनेमिया जैसी बीमारी को दूर कर देती है। इसलिए आपको परवल को रोजाना के डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए, जानिए कि परवल को रोजाना के डाइट में शामिल करने से शरीर को कौन-कौन से स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं और आपको इसे रोजाना क्यों खाना चाहिए।

**1.खून की कमी की करता है पूर्ती**

यदि आप एनीमिया की कमी की पूर्ती करना चाहते हैं तो परवल को रोजाना के डाइट में शामिल कर सकते हैं, इसमें विटामिन बी, विटामिन सी और आयरन की मात्रा भरपूर होती है। इसके सेवन से एनीमिया की कमी दूर हो जाती है, वहीं ये थकान, बॉडी पेन जैसी अन्य समस्यायों को दूर करने में भी मदद करती है।

**2.हार्ट की सेहत को रखता है स्वस्थ**

हार्ट की सेहत को स्वस्थ बना के रखना चाहते हैं तो परवल का सेवन बहुत ही ज्यादा फायदेमंद होता है। इसमें नैचुरली रूप से एंटी ऑक्सीडेंट्स और एंटी इन्फ्लामेट्री के जैसे कई सारे तत्व पाए जाते हैं, जो दिल की सेहत को स्वस्थ रखते हैं। यदि आप हार्ट अटैक के खतरे से बचाव करना चाहते हैं तो परवल को रोजाना के डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**3.पाचन क्षमता को रखता है स्वस्थ**

पाचन क्षमता को मजबूत बना के रखना चाहते हैं और कब्ज, पेट फूलने, अल्सर की समस्या को दूर करना चाहते हैं तो परवल का सेवन बहुत ही ज्यादा लाभदायक साबित होता है, इसमें कुछ ऐसे कण पाए जाते हैं जो आंत में फ़ूड कणों को तोड़ने में काफी ज्यादा असरदार साबित होते हैं, इसलिए, पाचन क्षमता को मजबूत बना के रखने के लिए परवल का सेवन बहुत ही ज्यादा फायदेमंद साबित होता है।

**4.डायबिटीज को करता है नियंत्रित**

डायबिटीज की बीमारी को कंट्रोल में करना चाहते हैं तो परवल का सेवन बहुत ही ज्यादा फायदेमंद साबित होता है, इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म में सुधार करे हाई ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रण में रखता है। इसमें एंटी ग्लाइसेमिक जैसे कई सारे गुड़ प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो कि इन्सुलिन के स्राव को उत्तेजित करता है, इसलिए डायबिटीज के पेशेंट्स के लिए परवल का सेवन फायदेमंद होता है।

**5.हड्डियों को बनाता है मजबूत**

हड्डियों को मजबूत बना के रखना चाहते हैं तो परवल का सेवन बहुत ही ज्यादा लाभकारी होता है, इसके सेवन से वहीं दांतों से जुड़ी कई समस्याएं भी दूर हो जाती हैं। रोजाना परवल का भरपूर मात्रा में सेवन करते हैं तो फ्रैक्चर का खतरा दूर हो जाता है, वहीं ये हड्डियों से जुड़ी बीमारी जैसे कि ऑस्टियोआर्थराइटिस और ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को भी काम कर देता है।

# आईटी एक्ट की जगह 'डिजिटल इंडिया एक्ट' आने से बदल जायेगी तस्वीर, जानिए क्या है DIA ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



सरकार दशकों पुराने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के स्थान पर नया डिजिटल इंडिया बिल लाने की तैयारी में है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए केंद्र सरकार ने डिजिटल इंडिया एक्ट 2023 की औपचारिक रूपरेखा पेश कर दी है। वर्तमान सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम, 2000 की कई सीमाएं हैं। इसलिए, केंद्रीय आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने उसकी जगह पर DIA का मसौदा तैयार किया है। यह प्रस्तावित मसौदा है, जिस पर अभी काफी काम किया जाना बाकी है। केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के अनुसार, केवल 5.5 मिलियन भारतीय लोग इंटरनेट पर थे और आज, 850 मिलियन नागरिक वेब से जुड़े हुए हैं। इस तरह हमारा देश डिजिटल रूप से सबसे बड़ा लोकतंत्र बन गया है।

**क्या है डिजिटल इंडिया एक्ट (DIA)?**

इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया लक्ष्य 2026 को पूरा करना और 2025-26 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनाना है।प्रस्तावित कानून जवाबदेह और उत्तरदायी डिजिटल ऑपरेटरों, अपडेटेड मध्यस्थ ढांचे, डिजिटल ऑपरेटरों के दायित्वों, एल्गोरिथम पारदर्शिता और डिजिटल संस्थाओं द्वारा जोखिम आकलन के लिए सहायक और अपीलीय तंत्र की पेशकश करेगा।डीआईए के पास आईटी मंत्रालय में राज्य मंत्री (एमओएस) आईटी, अतिरिक्त सचिव, जीसी साइबर लॉ, एएसजी एक बाहरी कानूनी विशेषज्ञ और एक उद्योग विशेषज्ञ की एक कोर टीम होगी।डिजिटल बिल के मसौदे के लिए अन्य देशों में इंटरनेट और प्रौद्योगिकी से संबंधित सभी प्रासंगिक वैश्विक कानूनों का तुलनात्मक अध्ययन होगा। मंत्री के अनुसार, डीआईए के लिए विशेषज्ञों, आम जनता, उद्योग, मीडिया, शिक्षा जगत, छात्र समुदाय, इंटरनेट प्रशासन मंचों और उपभोक्ता मंचों के साथ परामर्श होगा।डीआईए के तहत की जाने वाली पहलों में डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, राष्ट्रीय डेटा शासन नीति, साइबर अपराधों से संबंधित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में संशोधन और डीआईए नियम शामिल हैं।

**क्यों जरुरी है ये एक्ट?**

केन्द्रीय मंत्री ने प्रेजेन्टेशन के दौरान कहा कि साल 2000 में एक प्रकार के इंटरनेट मध्यस्थ से लेकर आज कई प्रकार के मध्यस्थ (ई-कॉमर्स, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया, एआई, ओटीटी, गेमिंग आदि) हो गये हैं। हम कैटफिशिंग, डॉक्सिंग, साइबर स्टाकिंग, साइबर ट्रोलिंग, गैसलाइटिंग और फिशिंग आदि के नए जटिल रूपों का सामना कर रहे हैं। साथ ही अभद्र भाषा, दुष्प्रचार और फर्जी समाचारों का प्रसार अन्य गंभीर चिंताएं हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर के अनुसार, देश को 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए एक उत्प्रेरक और संबल के रूप में कार्य करने के लिए वैश्विक मानक साइबर कानूनों की आवश्यकता है। प्रस्तावित डिजिटल इंडिया एक्ट (डीआईए) बिग टेक को कंट्रोल करने और लाखों नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए भारत में वर्तमान नियामक परिदृश्य पर जोर देगा।

**कब पेश होगा बिल?**

मीडिया सूत्रों के मुताबिक, डिजिटल इंडिया बिल का ड्राफ्ट अगले दौर की बातचीतों के बाद और सख्त किया जाएगा। यह ड्राफ्ट बिल अप्रैल में जारी किए जाने की संभावना है और फिर 45-60 दिन तक सार्वजनिक चर्चा के दौर होंगे, और उसके बाद इसे अंतिम मंजूरी के लिए संसद में प्रस्तुत किया जाएगा। माना जा रहा है कि ड्राफ्ट बिल को जुलाई में संसद में पेश कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राकेश राणा दोबारा बने कांग्रेस जिलाध्यक्ष

नई टिहरी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन केसी वेणुगोपाल ने उत्तराखंड प्रदेश के जिला अध्यक्षों की सूची जारी की है। जिसमें जनपद टिहरी गढ़वाल में वर्तमान जिलाध्यक्ष राकेश राणा को दोबारा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। जिला अध्यक्ष दोबारा बनने पर राकेश राणा ने कहा कि जिम्मेदारी के लिए मैं प्रदेश अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मालिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व सीएम हरीश रावत व प्रताप नगर की विधायक विक्रम सिंह नेगी का आभार व्यक्त करता हूं। कहा कि पूरी शिद्दत, पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ वर्तमान परिवेश में जो राजनैतिक चुनौतियां हैं। उनका मुकाबला कर लोकतंत्र को बचाने की लिए लड़ाई लड़ी जायेगी। जनपद टिहरी में प्रतिपक्ष की भूमिका भी मजबूती से निभाया जायेगा। राकेश राणा के जिला अध्यक्ष बनने पर प्रताप नगर विधानसभा के विधायक विक्रम सिंह नेगी, प्रदेश महामंत्री विजय गुनसोला, नरेंद्र राणा, शांति प्रसाद भट्ट, याकूब सिद्दीकी, नरेंद्र चंद रमोला, सोबन सिंह नेगी, सूरज राणा, साहब सिंह सजवान, देवेंद्र नौडीयाल, कुलदीप सिंह पंवार, एडवोकेट आनंद सिंह बेलवाल, सोहन सिंह रावत, जयवीर सिंह रावत, गीताराम गैरोला, महावीर प्रसाद उनियाल,ज्योति प्रसाद भट्ट, सबबल सिंह राणा, मुरारीलाल खंडवाल, विजयलक्ष्मी थलवाल, दर्शनी रावत, आशा रावत, लक्ष्मी रावत, ममता उनियाल, सुमेरी बिष्ट ,संदीप कुमार, भरत बुटोला आदि ने बधाई दी है। इसके लिए हाईकमान का धन्यवाद करते हुए कांग्रेस जनों ने मिष्ठान वितरण किया।

### दीप्ति रावत को यंग अचीवर्स अवार्ड मिलने पर जताई खुशी

श्रीनगर गढ़वाल। भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज यंग अचीवर्स अवार्ड मिलने पर महिला मोर्चा पौड़ी के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। दीप्ति रावत को यंग वुमेन इन पॉलिटिक्स पर दिया गया। यह अवार्ड उन्हें नई दिल्ली में यंग एफआईसीसीआई लेडीज ऑर्गनाइजेशन (येलो) ने आयोजित एक समारोह में प्रदान किया। खुशी जताने वालों में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अध्यक्ष मीना गैरोला, प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री अनिता बुड़ाकोटी, वरिष्ठ भाजपाई शशि जुयाल, प्रमिला भंडारी, श्रीनगर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ऊषा कंडारी, जयंती कुंवर, मीना असवाल, अंजना डोभाल, विजयलक्ष्मी रतूड़ी, पूजा गौतम आदि शामिल रहे।

### एनआईटी करेगा हल्के वजन वाले ट्रैप केज को डिजाइन

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखण्ड के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग की टीम को उत्तराखंड वन विभाग ने मानव तेंदुआ संघर्ष प्रबंधन के अंतर्गत परामर्श परियोजना प्रदान की है। वन विभाग ने अभियांत्रिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत डा. विनोद सिंह यादव, डा. डी श्रीहरि एवं डा. विकास कुकशाल को पोर्टेबल, मजबूत, हल्के वजन और उन्नत ट्रैप केज (जाल पिंजरे) का डिजाइन और पशु सहित जाल-पिंजरे को संभालने के लिए वाहन की स्वचालित प्रणाली का डिज़ाइन प्रदान करने की जिम्मेदारी दी है। संस्थान के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि एनआईटी उत्तराखंड की टीम पहाड़ी क्षेत्रों के विकास के क्षेत्र व स्थानीय लोगों के विकास और सुरक्षा के संदर्भ में संभावित समाधान प्रदान कर रही है। कहा कि कुछ वर्षों में बढ़ते मानव वन्य जीव संघर्ष के चलते राज्य की जैव विविधता पर संकट छाने लगा है। इसमें मानव और बाघ, तेंदुए जैसे हिंसक जानवरो का संघर्ष सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे में वन्य जीवों के संरक्षण व मानव सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर कार्य करने की आवश्यकता है। प्रो. अवस्थी ने कहा कि एनआईटी उत्तराखंड अनुसंधान और नवाचार गतिविधियों के लिए एक उपयुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। जो छात्रों और संकाय सदस्यों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस मौके पर प्रमुख अन्वेषक डा. विनोद सिंह यादव ने बताया कि पौड़ी गढ़वाल जिले के प्रभागीय वनाधिकारी स्वप्निल अनिरुद्ध ने संपर्क कर नवीनतम प्रणाली प्रदान करने के लिए कहा जो उन्हें कुशल तरीके से जानवरों को पकडने में मदद करे।

# सकारात्मक ऊर्जा के लिए नवरात्र साधना महत्त्वपूर्ण : डॉ. पण्ड्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



हरिद्वार। नवरात्र साधना के अंतिम दिन गायत्री तीर्थ शांतिकुंज व देवसंस्कृति विवि में साधकों ने इदं न मम के भाव से अपने अपने अनुष्ठान की पूर्णाहुति की। शांतिकुंज परिसर में 27 कुण्डीय तथा देसंविवि परिसर में छात्रों ने 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराया। देसंविवि में नवरात्र साधना के दौरान आयोजित विशेष व्याख्यानमाला के आखिरी दिन अखिल गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या ने आस्था संकट के दौर में सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए नवरात्र साधना को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने आसुरी वृत्तियों का नाश करने के लिए धरती पर आये। उन्होंने रीछ, वानर आदि का सहयोग लेकर राक्षस संस्कृति को नष्ट कर भारतीय संस्कृति को प्रतष्ठिापित किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने एकता, समता एवं शुचिता की मर्यादा का जो पाठ पढ़ाया है उसका सभी को अनुपालन करना चाहिए। उधर शांतिकुंज के मुख्य सत्संग हॉल में साधकों को संबोधित करते हुए डॉ. ओपी शर्मा ने साधना से प्राप्त ऊर्जा को समाज के हित में लगाने के आवाहन किया।

**हुए विभिन्न संस्कारः** श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर पुंसवन, नामकरण, मुण्डन, जनेऊ, गुरुदीक्षा आदि संस्कार सैकड़ों की संख्या में निःशुल्क सम्पन्न कराये गये। वहीं नवदंपतियों ने पवित्र अग्नि की साक्षी में एक दूसरे का हाथ थामकर वैवाहिक जीवन के सूत्र में बंधे।

# रामनवमी पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नई टिहरी। टिहरी जिले के सिद्धपीठ और शक्तिपीठों मंदिरों में माता की पूजा अर्चना और हरियाली वितरण के साथ चैत्र नवरात्र का समापन हुआ। भगवान राम की तपस्थली देवप्रयाग में रामनवमी आस्था भक्ति के साथ मनाई गई। गुरुवार को चंद्रबदनी, कुंजापुरी, सुरकंडा,ज्वालामुखी, राज राजेश्वरी, भुमनेवश्वरी, चमराडा देवी, कर्णा देवी, मंगला माता सहित अन्य मंदिरों में भक्तों मां दुर्गा के नवें स्वरुप सिद्धिदात्री का पूजन कर सुख समृद्धि कमाना की। मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं का आने का सिलसिला शुरु हो गया था, जो दिन चलता रहा। चंद्रबदनी मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दाताराम भट्ट की अगुवाई में चैत्र नवरात्र के समापन पर हवन पूजन किया गया,जिसके बाद श्रद्धालुओं को हरियाली के रुप में प्रसाद वितरित किया गया। चैत्र नवरात्र पर सिद्धपीठ और शक्तिपीठ मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं मां के दर्शन और पूजन के लिये पहुंचे थे। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी भी मां चंद्रबदनी मंदिर में पहुंचे और आशीर्वाद लिया। दूसरी ओर लोगों ने अपने घरों में नवरात्र के समापन पर पूजा अर्चना कर कन्याओं को जिमन करवाया,और उन्हें उपहार दिये। रामनवमी पर देवप्रयाग स्थित भगवान रघुनाथ मंदिर में महाअभिषेक के बाद पुजारी पं समीर पंचपुरी द्वारा भगवान रघुनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। परंपरानुसार भगवान की उत्सव मूर्ति मंदिर प्रांगण स्थित छतरी के नीचे रखकर कर श्रद्धालुओं ने दर्शन और पूजन किया।

## संपादकीय

# चिंताजनक होती महंगी स्वास्थ्य सेवा

ऐसा नहीं था कि उपचार नहीं था. कुछ न कर पाने की विवशता भी नहीं थी. बस पैसे का मामला था और आठ साल की पलक को बचाने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे. आपको देखते ही पलक के चेहरे पर मुस्कान पसर जाती थी. उसे कविताएं गाने और ताली बजाने वाले खेल पसंद थे. और फिर पता चला कि वह ब्लड कैंसर से पीड़ित है. कॉर्ड ब्लड ट्रांसप्लांट में 15 लाख रुपये लगते और ऐसा करने से उसका अस्थिमज्जा कैंसरग्रस्त कोशिकाएं बनाने की जगह स्वस्थ कोशिकाएं बनाने लगता. दवाओं से ब्लड कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियों का प्रभावी उपचार संभव है. ऐसे उपचार का खर्च बहुत अधिक हो सकता है. मुंबई के बहुत सारे इलाकों में 15 लाख रुपये में एक छोटा कमरा भी नहीं खरीदा जा सकता है. लेकिन 95 प्रतिशत से अधिक भारतीयों, (केवल बेहद गरीब लोग ही नहीं) के लिए यह रकम पहुंच से उतनी ही दूर है, जैसे बड़े शहर में फ्लैट खरीद पाना. पलक के परिवार के साथ भी ऐसी ही स्थिति थी. लेकिन इतनी बड़ी रकम परिवारों को नहीं, स्वास्थ्य बीमा को चुकाना चाहिए. इसीलिए तो बीमा का अस्तित्व है. स्वास्थ्य बीमा इंडोनेशिया के बहुत पुराने मछली पकड़ने वाले जहाजों में लगे अतिरिक्त पेंदे, जुकोंग, की तरह है, जिसके सहारे दो हजार साल पहले वहां के लोग हिंद महासागर पार कर ऑस्ट्रेलिया तक पहुंच जाते थे. वह अतिरिक्त पेंदा उन्हें सुकून देता था कि यदि कभी समुद्र आक्रामक हुआ, तो उनका जहाज स्थिर भी रहेगा और डूबेगा भी नहीं. बीमा के रूप में हर परिवार के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लाखों परिवारों को एक साथ मिलकर जोखिमों को साझेदारी में उठाना होगा. यह तभी संभव हो सकता है, जब सभी सक्षम हों और स्वास्थ्य बीमा खरीदने के लिए तैयार हों तथा बीमे का निर्धारित प्रीमियम अदा करें. ऐसा स्वाभाविक रूप से नहीं हो सकता है, अधिक विकसित देशों में भी नहीं. इसीलिए सरकार को मदद के लिए आगे आने की आवश्यकता है. इस आवश्यकता की पहचान करते हुए भारत में अधिकतर राज्य सरकारें मुफ्त स्वास्थ्य बीमा योजनाएं मुहैया करा रही हैं. इनके लिए भुगतान कराधान से प्राप्त राजस्व से होता है. इन योजनाओं में हजारों अस्पताल सहभागी हैं तथा बीमा द्वारा रोगी के पूरे खर्च का भुगतान होता है. यह एक बेहद शानदार समाचार है, पर इसमें दो समस्याएं हैं. पहली समस्या यह है कि मौजूदा बीमा योजनाओं के तहत बहुत सी बीमारियों का उपचार होता है, लेकिन उनके लिए कम धनराशि मुहैया कराये जाने से आबादी के तीस से चालीस प्रतिशत हिस्से को ही उनका फायदा मिल पाता है. दूसरी समस्या यह है कि जो लोग बीमा के दायरे में आते हैं, उन्हें भी कई बड़ी बीमारियों के उपचार का पूरा खर्च बीमा से नहीं मिल पाता है क्योंकि बीमा में ऊपरी सीमा निर्धारित की गयी है.

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## सीएचसी मदन नेगी में एक्सरे मशीन का शुभारंभ

नई टिहरी। सीएचसी मदन नेगी में प्रतापनगर विधायक ने एक्सरे मशीन का शुभारंभ करने के साथ स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ केंद्र में एक्सरे के संचालन से क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी। गुरुवार को प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने सीएचसी मदन नेगी में एक्सरे मशीन का शुभारंभ करते हुये कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसके लिये वह लगातार प्रयासरत हैं। विधायक ने बताया कि प्रतापनगर स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे मशीन और लंबगांव में अल्ट्रासाउंड मशीन की स्वीकृति खनिज न्यास निधि से हो गई है। उन्होंने कहा कि वह चाहते की प्रतापनगर के लोगों को क्षेत्र में ही बेहत्तर स्वास्थ्य सुविधा मिले,ताकि उन्हें इधर उधर न भटकना पड़े। मौके पर डॉक्टर यथार्थ रौतेला, डॉक्टर इमरान खान, संजय कंसवाल, विजय जुयाल, सीमा रावत, अर्चना भंडारी, लाखी लाल, धीरजलाल, सतपाल, मान सिंह रौतेला, नरेंद्र राणा, बिन्नी पंवार, विजय पुंडीर, दीनपाल, पूर्णानंद रतूड़ी, बुद्धिराम जुयाल, अनुराग भूषण, गुमान सिंह पंवार, मदन पंवार, रणबीर पंवार, लोकमान खरोला, गिरीश भद्री, रविंद्र जोशी, शूरवीर पंवार, रणवीर चौहान, प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

## एनएसएस के स्वयंसेवियों ने चलाया सफाई अभियान

पौड़ी। राजकीय पीजी कॉलेज थलीसैंण की एनएसएस इकाई के स्वयं सेवियों ने अपने विशेष शिविर के दौरान आदर्श प्राइमरी स्कूल कैंन्यूर में स्वच्छता अभियान चलाया 7 इस दौरान स्वयंसेवकों ने स्कूल के आस-पास की घास और झाड़ी साफ की और नालियों की साफ-सफाई की। स्कूल की वाटिका को भी ठीक किया। शिविर के बौद्धिक सत्र में थलीसैंण पुलिस के एसआई संजीव मंमगाई ने ग्रामीण महिलाओं, युवतियों व एनएसएस स्वयंसेवियों को बढ़ते हुए अपराधों की रोकथाम, साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों, आपातकालीन नंबर 112, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि के बारे में जानकारी दी 7 कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह नेगी ने स्वयं सेवकों को उत्तराखंड सुरक्षा हेतु उपलब्ध गौरा शक्ति एप की सुविधा के बारे में जानकारी दी साथ ही ऑनलाइन ठगी से कैसे बचे के बारे में भी बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### बस की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

रुडक़ी। निजी अस्पताल के पास रोडवेज बस ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रिक्शा चालक घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार देहरादून रोडवेज की बस ने बुधवार देररात निजी अस्पताल के पास ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे ई रिक्शा चालक सुनील कुमार (45) निवासी दरियापुर दयालपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची हाईवे पेट्रोलिंग एंबुलेंस की सहायता से घायल चालक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर सुनील के परिजनों को सूचना दी। इंस्पेक्टर राजीव रौथान ने बताया कि क्षतिग्रस्त बस और ई रिक्शा को सुपुर्दगी में दिया गया है। तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### साइकिल चोर की धुनाई कर पुलिस को सौंपा

रुडक़ी। पिता ने पुत्र की साइकिल चोरी के आरोप में एक युवक की धुनाई कर दी। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर में दोपहर के वक्त साइकिल खड़ी थी। क्षेत्र के एक व्यक्ति के अनुसार पुत्र की साइकिल को एक युवक ने उठा लिया और उसको ले भागा। जिसका उन्होंने काफी दूर तक पीछा किया और कोतवाली ले आए। इस बीच उसकी धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। इंस्पेक्टर ऐश्वर्य पाल ने बताया कि साइकिल चोरी के आरोपी से पूछताछ चल रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी

रुडक़ी। कांग्रेस के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में गुटबाजी समाप्त कर एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सिविल लाइंस स्थित कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह में नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी पार्टी ने दी है इसके लिए हाईकमान के आभारी हैं। रुडक़ी में मजबूत संगठन बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ा जाएगा। निवर्तमान महानगर अध्यक्ष कलीम खान को साथ लेकर उनके अनुभव का लाभ पार्टी लेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनहित के मुद्दों की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी। कांग्रेस में गुटबाजी को समाप्त करने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि सभी को साथ लेकर आगे बढ़ा जाएगा। विधानसभा चुनाव में भीतरघात के सवाल पर उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने प्रत्याशी को धोखा दिया था लेकिन अनुशासनहीनता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी।

### पुल की एप्रोच कोर कॉलेज रोड तक मिलाने की मांग

रुडक़ी। नई गंगनहर पर निर्माणाधीन स्टील गार्डर पुल की एप्रोच रोड बनाने को लेकर एक बार फिर सभासदों ने ब्रिडकुल के उप महाप्रबंधक को पत्र लिखकर रोड को कोर कॉलेज को जाने वाले रोड से मिलाए की मांग की है। एप्रोच को मुख्य मार्ग से न मिलाए जाने तक निर्माण कार्य बंद कराने की चेतावनी दी है। नई गंगनहर पर ब्रिडकुल की और से स्टील गार्डर पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। पुल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं। पुल पर अब एप्रोच बनाने का कार्य चल रहा है। निर्माणाधीन कंपनी पुल की एप्रोच को कावंड मार्ग पर दीवार बनाकर खत्म कर रही है।

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार

रुडक़ी। पुलिस ने चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज करते हुए चालान कर दिया है। झबरेड़ा थाना अध्यक्ष दीप कुमार ने बताया कि अपराध रोकने के लिए पुलिस थाना क्षेत्र में बुधवार रात्रि गश्त कर रही थी। थाना क्षेत्र के गांव भिस्तीपुर तिराहे पर एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया। पुलिस ने संदिग्ध को पीछा कर उस समय दबोच लिया जब वह पुलिस को देख कर भागने का प्रयास करने लगा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम मनोज निवासी भिस्तीपुर बताया।

### नारायणबगड़ में रामनवमी पर निकाली शोभा यात्रा

चमोली। बृहस्पतिवार को कन्या पूजन के साथ चैत्र नवरात्रों का समापन समारोह पूर्वक किया गया। रामनवमी के अवसर पर भव्य कलशयात्रा के साथ श्रीराम जन्मोत्सव की झांकी निकाली गई। बृहस्पतिवार सुबह से ही स्थानीय लोगों और व्यापार मंडल ने श्रीराम जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारियां शुरू कर दी थी। लक्ष्मी नारायण मंदिर में पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर से शुरू हुई कलशयात्रा नवदुर्गाओं व राम दरबार की झांकी प्रेम मार्केट से परखाल तिराहे, जीतसिंह मार्केट होते हुए कमलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। जहां भजन कीर्तन करते हुए राम भक्तों ने श्रीराम जन्मोत्सव मनाया। इस मौके पर सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।।इस अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव समारोह में ब्लाक प्रमुख यशपाल नेगी, आयोजन समिति के दलीप नेगी, त्रिलोक रावत, दिग्पाल बुटोला, मनमोहन सिनवाल,संजय नेगी, युद्धवीर मनराल, बीरेंद्र बिष्ट, शिशुपाल बिष्ट, दर्शन नेगी, मनवीर बिष्ट, सुरेन्द्र धनैत्रा, डा हरपाल नेगी, प्रेम पुरोहित, भूपेंद्र ऐरी,सुशीला बिष्ट, गणेशी शाह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### आशा सम्मेलन में जुटीं आशा कार्यकर्ता

चमोली। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन चमोली द्वारा जनपद स्तरीय आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकत्रियों, आशा फैसिलिटेटर्स, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आशा कार्यकत्रियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान को सराहा गया। अध्यक्ष ने विभिन्न श्रेणियों में कार्यकत्रियों को पुरस्कार देकर सम्मानित कियां आशा में प्रथम पुरस्कार नंदी देवी 5000, द्वितीय पुरस्कार मीना देवी 3000, तृतीय पुरस्कार कांति सती 1000 का कैश अवार्ड व आशा फैसिलिटेटर में प्रथम पुरस्कार संगीता रावत 5000, द्वितीय पुरस्कार गंगोत्री परिहार 3000, तृतीय पुरस्कार पूनम गौड 1000 तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर में लक्ष्मी रावत, सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार रु. 5000 दिया गया। सम्मेलन में आशा कार्यकत्रियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक, स्वागत गीत, आदि गाये गए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नरेंद्र सिंह राजवीर कुंवर ,डाटा एंट्री आशा कार्यक्रम अजय कुँवर,प्रवीण बहुगुणा ,खीम सिंह ,आलोक परमार सहित जनपद की आशा कार्यकत्री, आशा फैसिलिटेटर, ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे।

# युवा संन्यासियों का देश सेवा में समर्पित होना रामराज्य तथा आध्यात्मिकभारत के स्वप्न को साकार करने जैसा : मोहन भागवत

## नवसंयासियों की नारायणी सेना पूरे विश्व में संन्यास धर्म, सनातन धर्म व युगधर्म की ध्वजवाहक होगी: स्वामी रामदेव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



हरिद्वार। पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज ने अपने 29वें संन्यास दिवस पर एक नया इतिहास रचते हुए अष्टाध्यायी, महाभाष्य व्याकरण, वेद, वेदांग, उपनिषद में दीक्षित शताधिक विद्वान एवं विदुषी संन्यासियों को राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें 60 विद्वान ब्रह्मचारी भाई तथा 40 विदुषी बहनें शामिल हैं। साथ ही पूज्य आचार्य जी ने लगभग 500 नैष्टिक ब्र ह्मचारियों को दीक्षा दी। इस अवसर पर सर संघ चालक पूज्य मोहन भागवत जी ने कहा कि सबसे बड़ा त्याग नवसंयासियों के माता-पिता का है जिन्होंने अपने बच्चे को पाल-पोसकर देश, धर्म, संस्कृति और मानवता के लिए समर्पित कर दिया है।

उन्होंने कहा कि आज से लगभग 10 वर्ष पहले का वातावरण ऐसा नहीं था, मन में चिंता होती थी किन्तु अब स्थितियाँ बदल चुकी हैं। यहाँ युवा संन्यासियों को देखकर सारी चिंताओं को विराम मिल गया है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में संन्यासियों को देश सेवा में समर्पित करना रामराज्य की स्थापना, ऋषि परम्परा तथा भावी आध्यात्मिक भारत के स्वप्न को साकार करने जैसा है।

> **सभी अविवेकपूर्ण कामनाओं, विषय वासनाओं व भोगों से मुक्त रहकर संन्यासी होना सबसे बड़ा उत्तरदायित्व व गौरवः आचार्य बालकृष्ण**

कार्यक्रम में पूज्य स्वामी जी महाराज ने कहा कि संन्यास मर्यादा, वेद, गुरु व शास्त्र की मर्यादा में रहते हुए नव संन्यासी एक बहुत बड़े संकल्प के लिए प्रतिबद्ध हो रहे हैं। ब्रह्मचर्य से सीधे संन्यास में प्रवेश करना सबसे बड़ा वीरता का कार्य है। इन संन्यासियों के रूप में हम अपने ऋषियों के उत्तराधिकारियों को भारतीय संस्कृति तथा परम्परा के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित कर रहे हैं। स्वामी जी महाराज ने कहा कि संन्यासी होना जीवन का सबसे बड़ा गौरव है। अब से सभी 100 संन्यासी ऋषि परम्परा का निर्वहन करते हुए मातृभूमि, ईश्वरीय सत्ता, ऋषिसत्ता तथा अध्यात्मसत्ता में जीवन व्यतीत करेंगे। विगत 9 दिनों से अनवरत चल रहा तप व पुरुषार्थपूर्ण अनुष्ठान आज पूर्ण हुआ। स्वामी जी ने कहा कि आज हमने नवसंयासियों की नारायणी सेना तैयार की है, जो पूरे विश्व में संन्यास धर्म, सनातन धर्म व युगधर्म की ध्वजवाहक होगी।

इससे पहले वेदमंत्रें के बीच देवताओं, ऋषिगणों, सूर्य, अग्नि आदि को साक्षी मानकर सभी संन्यास दीक्षुओं का मुख्य विरजा होम तथा मुण्डन संस्कार किया गया। संन्यास दीक्षुओं ने शोभा यात्र के साथ वी-आई-पी- घाट हरिद्वार के लाया गया जहाँ स्वामी रामदेव जी महाराज व आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने पुष्पवर्षा कर इनका स्वागत किया। गंगा माता की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सभी संन्यासियों का मुण्डन ऋषिग्राम में ही किया गया तथा सांकेतिक रूप से सभी संन्यास दीक्षुओं ने शिखासूत्र व यज्ञोपवीत पतित पावनी माँ गंगा के पावन जल में विसर्जित की। सभी ऋषि-ऋषिकाओं ने गंगा में स्नान के पश्चात अपने श्वेत वस्त्र त्यागकर भगवा वस्त्र धारण किये। तद्पश्चात श्रद्धेय स्वामी जी एवं अन्य प्रमुख संतों द्वारा 100 संन्यास दीक्षुओं को शिर पर पुरुषसुक्त के मंत्रें से 108 बार गंगा जल से अभिषेक कर पवित्र संन्यास संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम में श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने संन्यास धर्म की मर्यादा का उल्लेख करते हुए कहा कि संन्यास संकल्प को सदा स्मरण रखते हुए सभी एषणाओं, अविवेकपूर्ण कामनाओं एवं विषय वासनाओं व भोगों से मुक्त रहकर संन्यासी होना सबसे बड़ा उत्तरदायित्व व गौरव है। एक संन्यासी के लिए गुरुनिष्ठा, कर्तव्यनिष्ठा एवं ध्येयनिष्ठा में निरन्तरता बनाये रखना ही जीवन का प्रयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि धन्य हैं वे माता-पिता व परिवारजन जो अपनी सन्तानों को मातृभूमि के लिए समर्पित कर रहे हैं।

इस अवसर पर अनुपम मिशन, गुजरात के साहब दादा जी, काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रो. बृजभूषण ओझा जी, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एन.पी. सिंह, पतंजलि योग समिति की महिला मुख्य केन्द्रीय प्रभारी साध्वी आचार्या देवप्रिया जी, पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति प्रो. महावीर जी, पतंजलि योग समिति के मुख्य केन्द्रीय प्रभारीगण भाई राकेश कुमार 'भारत' व स्वामी परमार्थदेव, डॉ. जयदीप आर्य, स्वामी विदेह देव, स्वामी आर्षदेव, स्वामी मित्रदेव, स्वामी ईशदेव, स्वामी सोमदेव, स्वामी हरिदेव, स्वामी जगतदेव जी, साध्वी देवश्रुति, साध्वी देववरण्या, साध्वी देवादिति, साध्वी देववाणी, साध्वी देवार्चना आदि उपस्थित रहे।

## सडक़ किनारे लगे कूड़े के ढेरों को हटाने की मांग की

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव धनपुर-डोगीवाला में सडक़ किनारे लगे कूड़े के ढेर को लेकर ग्रामीणों ने रोष जताया है। ग्रामीणों ने ग्राम सचिव से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द सडक़ पर बिखरे कूड़े के ढेर को हटाया जाए। साथ ही ग्रामीणों ने सडक़ के दोनों ओर नाले का निर्माण करने की मांग की। गांव धनपुरा में स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। डोगीवाला जाने वाले मुख्य मार्ग पर कूड़े का ढेर लगा हुआ है। रास्ते से होकर गुजरने वाले राहगीरों को दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीण सलीम अहमद, नाफिसुल कादरी, डबल सिंह, सूरत सिंह, पुराण सिंह, जगदीश बीस्ट, सुक्रम बीस्ट, रशिराम, उमा शंकर, दीपक रावत, विमल, कोमल, राकेश बिस्ट, दीपक, सुनील ने कहा कि एक ओर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं धनपुरा में कूड़े का ढेर लगा हुआ है। ग्राम सचिव सचिन चौहान ने बताया ग्रामीणों को सडक़ किनारे कूड़ा व गोबर डालने से मना किया जाता है। कई बार वहां से कूड़ा हटाया गया। मगर ग्रामीण फिर से वहीं कूड़ा डाल देते हैं। बहुत जल्द इन कूड़ों को हटाया जाएगा।

## रसीद काटने पर चंद्रशेखर चौक पर हंगामा

रुडक़ी। चंद्रशेखर चौक पर रेहड़ी वालों की रसीद काटने पर हंगामा खड़ा हो गया। रेहड़ी वालों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। शोर-शराबा होने पर रसीद काट रहे बाइक सवार वहां से चले गए। लोगों ने रसीद काटने वालों की बाइक पुलिस के सुपुर्द कर दी। चंद्रशेखर चौक के पास दोपहर एक बजे के आसपास कुछ रेहड़ी वाले खड़े थे। इस बीच बाइक सवार वहां पहुंचे। उन्होंने खुद को नगर निगम कर्मी बताकर रेहड़ी वालों की पर्ची काटनी शुरू कर दी लेकिन उन्हें रशीद की कॉपी नहीं दी। इसका रेहड़ी वालों ने विरोध किया तो वह मौके से भाग गए।

## चोरी की मूर्ति सहित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

रुडक़ी। पुलिस ने शिव मंदिर में चोरी करने की नीयत से घुसे हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपियों को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी जहांगीर अली ने बताया कि शिव मंदिर धनौरी में शेषनाग की मूर्ति चोरी करने तथा अन्य मूर्तियां क्षतिग्रस्त करने के मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित दो चोरों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को थाने लाकर तलाशी ली तो उनके पास से एक शेषनाग की तांबे की मूर्ति, एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम शहनवाज, इसरार निवासी नई बस्ती पिरान कलियर बताया।

## दस हजार का इनामी नशे का सौदागर गिरफ्तार

रुडक़ी। पुलिस ने नशा तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी ने भीड़ का फायदा उठा एसएसपी के साथ फोटो खिंचावाने के बाद सोशल मीडिया पर डाले थे। कोतवाली पुलिस ने जनवरी महीने में स्मैक तस्करी के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि वह स्मैक क्षेत्र के गांव पीरपुरा निवासी एक युवक से खरीदते हैं। तभी से आरोपी की तलाश जारी थी लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पा रहा था। पिछले दिनों मंगलौर कोतवाली परिसर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट किया।

## नकली दवा मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

रुडक़ी। पुलिस ने नकली दवा मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार अक्तूबर में एसटीएफ और औषधि निरीक्षक की टीम ने डाडा जलालपुर गांव में एक मकान से नकली दवाई बनाने की फैक्ट्री पकड़ी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### महानगर अध्यक्ष बने सतपाल ब्रह्मचारी

हरिद्वार। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने उत्तराखंड के जिलाध्यक्षों की सूची जारी की है। नई सूची में कार्यकारी अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी को महानगर कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि हरिद्वार ग्रामीण का जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी को बनाया गया है। वहीं रुडक़ी नगर के जिलाध्यक्ष की कमान विधायक वीरेंद्र जाती को सौंपी गई है।

### नवरात्र के नवें दिन सिद्धिदात्री की हुई पूजा अर्चना

हरिद्वार। नवरात्र के अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री का पूजा अर्चना भक्तों ने घर और मंदिरों में की। बहुत से घरों में कन्याओं का पूजन किया गया। भक्तों ने मां के नौ रूपों के अनुसार नौ कन्याओं को घर पर भोजन खिलाकर उपहार भी दिए। गुरुवार को मां दुर्गा के नौवे स्वरूप की पूजा के साथ कंजक पूजन किया गया। भक्तों ने हलवा, पूरी, चने व अन्य पकवान बनाकर कंजक को भोग लगाया। कंजक को विदा करते समय विभिन्न प्रकार के उपहार भी दिए गए। सभी मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन और आरती कर मन्नतें मांगी।
मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़ः कई मंदिर और आश्रमों में चल रहे अनुष्ठानों की पूर्णाहुति की गई। नवमी के दिन सुरेश्वरी देवी मंदिर, मनसा देवी मंदिर, मां बगला मुखी मंदिर, माया देवी, चंडी देवी, दक्षिण काली मंदिर, शीतला माता आदि में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। पंडित रमेश चंद तिवारी ने बताया कि नवरात्र में श्रद्धापूर्वक दान, व्रत करने से मां की विशेष कृपा होती है और सभी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं।

### व्यापारी बोले बिजली के दरों में बढ़ोत्तरी कर सरकार ने दिया जेब को झटका

हरिद्वार। एक अप्रैल से बिजली दरों में बढ़ोत्तरी का व्यापारियों ने भी विरोध किया है। राज्य सरकार के इस फैसले को गलत बताया है। व्यापारियों ने कहा कि अभीतक पेट्रोल,डीजल और गैस के बढ़ते दामों ने परेशान किया हुआ था। अब बिजली के बढ़े हुए दाम लोगों को महंगाई का झटका देंगे। राज्य सरकार ने बिजली की दरों में एक अप्रैल से 9.46 फीसदी की बढ़ोत्तरी का फैसला किया है। सरकार के इस फैसले से कोई भी वर्ग खुश नजर नहीं आ रहा। मोतीबाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि कोरोना ने पहले की हमारी कमर तोड़ी हुई है। फिर गैस, पेट्रोल के बढ़ते दाम हमें परेशान कर रहे हैं। सरकार ने इस फैसले से हमें आर्थिक तंगी की ओर ले जाने का काम किया है। शहर व्यापार मंडल के महामंत्री अमन शर्मा ने कहा कि मंहगाई ने पहले ही परेशान किया हुआ था। अब सरकार ने बिजली की दरों में बढोतरी कर हमारी जेब को और झटका देने का काम किया है। एक उपभोक्ता आशीष रावत ने कहा कि ऊर्जा प्रदेश होने के बाद भी बिजली के दामों में इस प्रकार की बढ़ोत्तरी कर सरकार उपभोक्ताओं को आर्थिक बोझ के नीचे दबाने का काम कर रही है। गृहणी सुषमा ने कहा कि डबल इंजन के सरकार में हर चीज महंगा होता जा रहा है। महंगाई पर कंट्रोल लगाने की मांग की। ताकि लोगों को बड़ी राहत मिल सके।

### बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी का सिडकुल मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन समेत अन्य संगठनों जताया विरोध

हरिद्वार। उत्तराखंड में एक अप्रैल से बिजली दरों का बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव है। जिसका सिडकुल मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन ने विरोध जताया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तराखंड बिजली उत्पादन प्रदेश है। इसके बावजूद अन्य राज्यों की अपेक्षा यहां बिजली की दरें ज्यादा हैं। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा निगम के डायरेक्टर को पत्र भेजकर बिजली दरों में बढ़ोत्तरी नहीं करने की बात कही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेंद्र गर्ग ने कहा कि उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन की बिजली आपूर्ति प्रदेश में बिल्कुल भी ठीक नहीं है। बावजूद बिजली दरों में लगातार इजाफा किया जा रहा है। एसोसिएशन के महासचिव राज अरोड़ा ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र कोविड-19 के आघात से पुनर्जीवित हो रहा है और विकास की ओर बढ़ रहा है। लेकिन विकास को बनाए रखने के लिए सरकार से मदद की आवश्यकता है। उन्होंने सरकार से उद्योग और समाज हित में बिजली दरों में वृद्धि न करने की अपील की। बिजली दरों में वृद्धि होने से उद्योगों पर अधिक भार पड़ेगा। कहा कि उत्तराखंड में ओपन एक्सेस पावर पर 1.14 रुपये प्रति यूनिट है। हिमाचल प्रदेश सभी एचटी औद्योगिक उपभोक्ताओं को 0.20 रुपये प्रति यूनिट की छूट प्रदान कर रहा है। जबकि उत्तराखंड में उद्योगों के लिए ऐसी कोई छूट नहीं है। सिडकुल एंटरप्रेन्योर अध्यक्ष हिमेश कपूर ने कहा कि इससे छोटे उद्यमियों को काफी नुकसान होगा।

### गन्ना तोलकेन्द्र से उठान नही होने पर किसानों ने सडक़ पर लगाया जाम

हरिद्वार। किसानों को लक्सर मिल से पर्चियां नहीं दी जा रही है। तोल केंद्र से गन्ने का उठान भी नहीं हो रहा है। इससे नाराज किसानों ने मिल प्रबंधक के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए तोल केंद पर हंगामा किया। तोल केंद्र शुरू करने की मांग को लेकर एक घंटे तक पथरी ऐथल मार्ग पर किसानों ने जाम लगाया। हालांकि मिल प्रबंधक व ट्रांसपोर्टर के आश्वासन पर किसानों ने जाम खोला। गांव दिनारपुर, सहदेवपुर, चिट्टी कोटि, रानीमाजरा, शाहपुर, बादशाहपुर, पदार्था, झाबरी, फेरुपुर, घिससुपुरा, धनपुरा, कटारपुर, चांदपुर, बहादरपुर जट सहित दर्जनों गांव के किसानों को लक्सर मिल द्वारा गन्ने की पर्चियां समय अनुसार नहीं दी जा रही है। जिसके चलते किसान अपने खेतों को अन्य फसलों के लिये खाली नहीं कर पा रहे हैं। किसानों का आरोप है मील प्रबंधक की गलत नीति के चलते किसानों को समय से पर्चियां नहीं दी जा रही है। अधिकांश किसान गन्ने को मिल में आपूर्ति कर गेहूं की फसलों को लगते हैं। किसान बलविंदर सिंह, किरण सिंह, राजकुमार, सुनील, दीपक ने बताया कि मील प्रबंधक के कर्मचारियों के द्वारा पर्ची जारी करने में देरी की जा रही है। किसान एक-एक पर्ची के लिए जूझ रहे हैं।

### पथरी में एक वर्ष से गांव के विकास कार्ये पर लगा ब्रेक

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के दर्जनों गांव में पिछले एक वर्ष से विकास कार्यो पर ब्रेक लगा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सडक़, नाले, पानी, शमशान घाट, पुलिया आदि के कार्ये होने हैं। ग्राम प्रधान के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के बाद भी संबंधित विभाग विकास कार्यों को कराने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। जिसके चलते लोगों को तमाम तरह की परेशानियां हो रही है। गांव धनपुरा, शाहपुर, घिससुपुरा, बादशाहपुर, पदार्था, कटारपुर, ऐथल, फेरुपुर, चांदपुर आदि ग्राम पंचायतों में पिछले एक वर्ष से टूटी सडक़, पानी की निकासी के लिये नाले, शमशान घाट की सुरक्षा दीवार, पुलिया, नालियां, सफाई आदि का कार्य अधर में लटका हुआ है। ग्रामीण सुरेश कुमार, पवन कुमार, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, अनिल आदि ने कहा कि गांवों में विकास कार्य पूरी तरह से पिछले एक साल से ठप है।